# न्यूज़ टुडे

## केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने GIFT-IFSC में 'विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली (FCSS)' का शुभारंभ किया

**'विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली'** के शुभारंभ के साथ ही GIFT-अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) उन चुनिंदा वित्तीय केंद्रों में शामिल हो गया है, जिनके पास स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन निपटाने की सुविधा है। ऐसी सुविधा **हांगकांग, टोक्यो** आदि में भी मौजूद है।

### विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली (FCSS) के बारे में

- यह **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण** (IFSCA) द्वारा **भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** के तहत अधिकृत **भुगतान प्रणाली** है।
- **उद्देश्य: IFSC बैंकिंग यूनिट्स (IBUs) के बीच विदेशी मुद्रा लेनदेन को पारंपरिक कॉरेस्पोंडेंट बैंकिंग रूट** की बजाय स्थानीय रूप से निपटाने में सक्षम बनाना।
  - यह प्रणाली प्रारंभ में अमेरिकी डॉलर में किए गए लेन-देन का निपटान करेगी, तथा समय के साथ इसमें अन्य विदेशी मुद्राओं को भी शामिल किया जा सकता है।
- **FCSS का संचालक:** इसे CCIL-IFSC लिमिटेड संचालित करेगा। यह **क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CCI) की एक सहायक कंपनी है।**
- **लाभ: यह प्रणाली रियल टाइम** या **लगभग रियल टाइम के आधार** पर लेनदेन का निपटान कर सकेगी। इससे लेनदेन के निपटान समय में काफी कमी आएगी।
  - पारंपरिक कॉरेस्पोंडेंट बैंकिंग रूट के जरिए लेनदेन प्रक्रिया में कई बैंक शामिल होते हैं, और लेनदेन का निपटान करने में 36 से 48 घंटे तक का समय लगता है।

### गिफ्ट सिटी और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के बारे में


- **गिफ्ट सिटी (गुजरात):** यह भारत का पहला कार्यशील स्मार्ट शहर है। भारत का पहला एवं एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) यहीं स्थित है।
  - IFSC **ऑनशोर (देश के भीतर) और ऑफशोर (विदेश से जुड़ी) वित्तीय सेवाएं** प्रदान करता है। इसका मिशन **प्रतिस्पर्धी कर-व्यवस्था में** सीमा-पार वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना है।
- **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA):** इसे 2020 में **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित** किया गया है।
  - यह भारत में IFSC के तहत वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के विकास एवं विनियमन के लिए **एकीकृत प्राधिकरण है।**
  - इसका **मुख्यालय गिफ्ट सिटी** में है।

## 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मानव स्तर पर क्वांटम गुणों की पहचान के लिए दिया गया

संयुक्त राज्य अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों; **जॉन क्लार्क, मिशेल एच. डेवोरेट और जॉन एम. मार्टिनिस** को वर्ष 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

### पृष्ठभूमि

- भौतिकी में एक बड़ा प्रश्न यह रहा है कि **किस अधिकतम आकार की प्रणाली में क्वांटम गुण प्रदर्शित किए जा सकते हैं।**
  - लंबे समय तक यह माना जाता रहा है कि यह आकार **परमाण्विक (atomic) और उप-परमाण्विक (sub-atomic) स्तरों तक सीमित** हैं।
- पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों ने 40 साल पहले किए गए अपने शोध में यह प्रदर्शित किया था कि **क्वांटम मेकेनिक्स के सिद्धांत बड़े (मैक्रोस्कोपिक) स्तर पर** भी देखे जा सकते हैं। यह प्रणाली इतनी बड़ी है कि इसे हाथ में पकड़ा जा सकता है।
  - उन्होंने यह व्यवहार **मैकेनिकल टनलिंग** और **एनर्जी क्वांटाइजेश** के प्रयोगों के माध्यम से सिद्ध किया।




### प्रयोग और शोध के बारे में

- क्वांटम मेकेनिक्स एक कण को **क्वांटम टनलिंग** नामक प्रक्रिया के माध्यम से **एक अवरोधक के आर-पार गुजरने की अनुमति** देती है।
  - दूसरे शब्दों में, क्वांटम टनलिंग का मतलब है कि **कण भौतिक दीवारों से होकर भी गुजर** सकते हैं। (इन्फोग्राफिक देखिए)।
  - इससे पहले, ऐसा अनूठा व्यवहार **सूक्ष्म (माइक्रोस्कोपिक) स्तर** पर ही देखा गया था।
  - हालांकि, इन वैज्ञानिकों ने दिखाया कि **बड़े (मैक्रोस्कोपिक) स्तर** पर भी क्वांटम टनलिंग गुणों को प्रदर्शित करना संभव है।
    - इसके लिए उन्होंने दो **सुपरकंडक्टिंग अवयवों वाले एक विद्युत परिपथ (electric circuit)** का उपयोग किया, जिन्हें एक पतली **गैर-चालक (non-conductive) परत** से अलग किया गया था।
      - » इस संरचना को **जोसेफसन जंक्शन** नाम दिया गया।
    - इससे यह प्रणाली **क्वांटाइज्ड** हो गई यानी यह **केवल निर्धारित, असतत मात्राओं (discrete amounts) में ही ऊर्जा को अवशोषित या उत्सर्जित** कर सकती थी जैसा कि क्वांटम मैकेनिक्स में भविष्यवाणी की गई थी।
- **महत्त्व**
  - इस खोज का उपयोग **क्वांटम कंप्यूटर, क्वांटम सेंसर और कंप्यूटर माइक्रोचिप्स में अगली पीढ़ी के ट्रांजिस्टर विकसित** करने में किया जा सकता है।

### क्वांटम मैकेनिक्स के बारे में

- यह समझाती है कि अत्यंत सूक्ष्म वस्तुएँ एक साथ **कण** (पदार्थ के छोटे-छोटे टुकड़े) और **तरंग** (ऊर्जा को स्थानांतरित करने वाला दोलन या परिवर्तन), दोनों के गुण प्रदर्शित कर सकती हैं।
- इस परिघटना को **तरंग-कण द्वैतता (Wave-Particle Duality)** भी कहा जाता है।

## केंद्रीय और राज्य सहकारी बैंकों को 'रिजर्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना, 2021' के दायरे में लाया गया

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने यह निर्णय **बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35A** के तहत लिया है।

**'रिजर्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना (RB-IOS), 2021' के बारे में**

- **उद्देश्य:** विनियमित संस्थाओं (REs) के ग्राहकों को त्वरित, किफायती और सक्षम वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करना।
- **कवरेज:** RBI की नई घोषणा से पहले इस योजना के दायरे में निम्नलिखित संस्थाएं शामिल रही हैं-
  - सभी वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक, तथा 50 करोड़ रुपये की जमा-राशि वाले गैर-अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक।
  - ऐसी **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को छोड़कर)** जो जमा राशि स्वीकार करती हों या कस्टमर इंटरफ़ेस रखने के लिए अधिकृत हों, और जिनकी परिसंपत्ति का आकार 100 करोड़ रुपये है।
  - **सभी सिस्टम पार्टिसिपेंट्स**-इसमें **भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** के तहत **भुगतान प्रणाली में भाग लेने वाले सिस्टम प्रोवाइडर** शामिल हैं।
  - क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी।
- यह योजना RBI **की निम्नलिखित तीन ओम्बड्समैन योजनाओं को एकीकृत करती है:**
  - बैंकिंग ओम्बड्समैन योजना, 2006;
  - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए ओम्बड्समैन योजना, 2018; और
  - डिजिटल लेनदेन के लिए ओम्बड्समैन योजना, 2019.
- यह योजना **"एक देश, एक ओम्बड्समैन"** के सिद्धांत पर आधारित है। इसका मतलब है कि अब RBI द्वारा विनियमित अलग-अलग क्षेत्रकों की संस्थाओं के लिए अलग-अलग **शिकायत निवारण प्रणाली** नहीं होगी।
- **शक्ति:** ओम्बड्समैन **20 लाख रुपये** तक के मुआवज़े का आदेश दे सकता है। साथ ही, वह शिकायतकर्ता के समय, खर्च और किसी भी मानसिक परेशानी या उत्पीड़न के एवज में 1 लाख रुपये तक का अतिरिक्त मुआवजा के भुगतान का आदेश भी दे सकता है।




## नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने नई डिजिटल भुगतान पहलें शुरू की

**ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल (GFF) 2025** के दौरान ये पहलें शुरू की गईं। इनका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को **सुविधाजनक बनाना** और **नवाचार को बढ़ावा** देना है।

**शुरू की गई महत्वपूर्ण पहलें**

- **NPCI टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड (NTSL):** इसे **फिनटेक से जुड़े नवाचार को बढ़ावा** देने के लिए NPCI की एक **नई सहायक कंपनी के रूप में** लॉन्च किया गया है।
- **UPI मल्टी-सिग्नेटरी:** अब UPI पर ऐसे **जॉइंट अकाउंट** संचालित किए जा सकते हैं, जिनमें UPI पेमेंट करने के लिए एक या एक से ज्यादा सिग्नेटरी के सत्यापन की जरूरत होगी।
  - इससे कॉर्पोरेट्स, MSMEs, स्टार्ट-अप्स आदि को व्यावसायिक लेन-देन में सहायता मिलेगी।
- **भारत कनेक्ट पर फॉरेक्स:** भारत कनेक्ट (BBPS) प्लेटफॉर्म के साथ **FX रिटेल प्लेटफॉर्म** को जोड़ा जाएगा। BBPS को पहले भारत बिलपे (Bharat BillPay) के नाम से जाना जाता था।
  - यह खुदरा ग्राहकों को भारत कनेक्ट के साथ **एकीकृत पेमेंट/बैंकिंग ऐप के माध्यम से** विदेशी मुद्रा प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।
- **UPI के माध्यम से माइक्रो ATM से नकद निकासी:** यह सुविधा बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट जैसे **UPI कैश प्वाइंट्स पर नकद निकासी** को सरल बनाएगी।

**नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के बारे में**

- NPCI एक **'नॉन-प्रॉफिट कंपनी'** है। यह **RBI और भारतीय बैंक संघ (IBA)** द्वारा **भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** के प्रावधानों के तहत स्थापित एक पहल है।
  - यह भारत में **खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों की देखरेख के लिए जिम्मेदार शीर्ष संस्था** है।
- **NPCI द्वारा शुरू की गईं प्रमुख पहलें: रुपे भुगतान प्रणाली, नेशनल फाइनेंशियल स्विच (NFS)** जो भारत में ATM को जोड़ता है, **UPI**, आदि।
  - यह **फास्टैग** के माध्यम से राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (NETC), **IMPS, NACH, आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम** जैसी सुविधाएं भी प्रदान करता है।



## तमिलनाडु ने चार कम-ज्ञात एंडेंजर्ड प्रजातियों के संरक्षण के लिए 1 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

इन प्रजातियों में **लायन-टेल्ड मकाक, मद्रास हेजहॉग, स्ट्राइप्ड हाइना और हंप-हेडेड माहशीर मछली** शामिल हैं।

- इससे पहले तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा कई संरक्षण पहलें शुरू की गई थीं। इनमें **पाक की खाड़ी में डुगोंग संरक्षण रिजर्व, कडवूर स्लेंडर लोरिस अभयारण्य,** और **प्रोजेक्ट नीलगिरि** तहर शामिल हैं।
- राज्य सरकार का वर्तमान कदम **कुनमिंग-मॉन्ट्रियल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क** के **30×30 लक्ष्यों** के भी अनुरूप है।

**चार प्रजातियों का विवरण**

**प्रजातियां**

| विवरण | लायन-टेल्ड मकाक | मद्रास या बेयर-बेलिड हेजहॉग | स्ट्राइप्ड हाइना | हंप-हेडेड माहशीर मछली |
|---|---|---|---|---|
| **IUCN रेड लिस्ट स्थिति** | एंडेंजर्ड | लीस्ट कंसर्न | नियर थ्रेटेंड | क्रिटिकली एंडेंजर्ड |
| **CITES सूची** | परिशिष्ट-I | सूचीबद्ध नहीं | परिशिष्ट-III | सूचीबद्ध नहीं |
| **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (WPA) में स्थिति** | अनुसूची I और IV में सूचीबद्ध | अनुसूची II में सूचीबद्ध | अनुसूची I और IV में सूचीबद्ध | स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध नहीं |
| **स्थानिक (एंडेमिक) क्षेत्र** | पश्चिमी घाट (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक) | भारत | अफगानिस्तान, अल्जीरिया, पाकिस्तान, भारत आदि। | भारत (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक) |
| **मुख्य खतरे** | कृषि क्षेत्र का विस्तार, शहरीकरण और खनन। | पालतू बनाने के लिए अवैध व्यापार, लकड़ी की कटाई आदि। | प्रताड़ना (विशेषकर जहर देकर), अन्य बड़े मांसाहारी जीवों में कमी के कारण पालतू या जंगली मृत जीवों (मांस स्रोतों) की घटती उपलब्धता। | बांध, नुकसान पहुंचाने वाली मत्स्यन गतिविधि, आक्रामक प्रजातियों का विस्तार आदि। |
| **अन्य प्रमुख तथ्य** | वर्षावन के खंडित भागों में प्राप्त होते हैं। | स्थानीय रूप से 'कांटेदार चूहा' (हॉर्नी रैट) के रूप में जानी जाती है। यह **निशाचर प्रजाति** है जो अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है। | यह प्राकृतिक स्कैवेंजर है जो बीमारियों को फैलने से रोकता है। मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में इसकी संख्या तेजी से घट रही है। | इसे **'कावेरी का बाघ'** कहा जाता है क्योंकि यह पकड़े जाने पर छूटने के लिए ज़ोरदार संघर्ष करती है। |

## अन्य सुर्खियां



### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs)** ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत **ऋण संबंधी 5 लाख से अधिक आवेदन** स्वीकृत किए हैं। इन आवेदनों के तहत लगभग **10,907 करोड़ रुपये के ऋण की मंजूरी** दी गई हैं।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में**

- **लक्ष्य:** इस योजना के तहत देश के 1 करोड़ घरों में सब्सिडी पर **रूफटॉप सोलर पैनल** लगाने का अभियान शुरू किया गया है। इन परिवारों को हर महीने **300 यूनिट बिजली मुफ्त** दी जाएगी।
- **नोडल मंत्रालय:** केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
- **विशेषता:** यह **दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर पहल** है।
- **सब्सिडी:** इस योजना के तहत आवासीय घरों और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी/रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाती है।
  - विशेष राज्यों के लिए **प्रति किलोवाट 10% अतिरिक्त** सब्सिडी प्रदान की जाती है।



### पोलर सिल्क रोड

चीन का एक जहाज **निंगबो-झोउशान बंदरगाह** से रवाना हुआ है, जो आर्कटिक महासागर से लगने वाले रूस के तट से होते हुए **'पोलर सिल्क रोड'** की शुरुआत कर रहा है।

**पोलर सिल्क रोड के बारे में**

- **पहल शुरू करने वाला:** चीन
- इसे **चीन की पहली आर्कटिक नीति श्वेत पत्र** (2018) में आधिकारिक रूप से प्रस्तुत किया गया था।
- पोलर सिल्क रोड आर्कटिक समुद्री मार्गों का एक नेटवर्क है, जो उत्तरी अमेरिका, पूर्वी एशिया और पश्चिमी यूरोप को जोड़ता है। यह **पोत परिवहन के लिए छोटा और आर्थिक रूप से अधिक लाभकारी रूट** है।
- **लक्ष्य:** आर्कटिक देशों के साथ नेविगेशन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और अनुसंधान संबंधी सहयोग को मजबूत करना। इसका उद्देश्य **"ब्लू इकोनॉमिक कॉरिडोर"** को बढ़ावा देना भी है।



## मास्को फॉर्मेट

**7वीं मॉस्को फॉर्मेट बैठक** में तालिबान के अधिकारी पहली बार आधिकारिक भागीदार के रूप में शामिल हुए।

**मास्को फॉर्मेट के बारे में**

- **स्थापना:** यह 2017 में स्थापित एक **क्षेत्रीय मंच** है। इसका उद्देश्य युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता की स्थापना करना और राष्ट्रीय मेलजोल को बढ़ावा देना है।
- **सदस्य देश:** भारत, अफगानिस्तान, चीन, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान।
  - ये सदस्य **अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता** के बारे में चर्चा करने के लिए मिलते हैं।



## ऑपरेशन हैची-VI (Operation HAECHI-VI)

CBI ने **इंटरपोल के ऑपरेशन हैची-VI** के तहत अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधों में शामिल आठ बड़े अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**ऑपरेशन हैची-VI के बारे में**

- इसे **रिपब्लिक ऑफ कोरिया** से वित्तीय सहायता प्राप्त है।
- यह विभिन्न प्रकार के **अंतरराष्ट्रीय साइबर-आधारित वित्तीय अपराधों** से निपटने के लिए वैश्विक अभियानों की सीरीज का **छठा चरण** है।
- **उद्देश्य:**
  - **अवैध वित्तीय लेनदेन** को बाधित करना।
  - अपराधियों को **गिरफ्तार** करना।
  - साइबर-आधारित वित्तीय अपराधों के खिलाफ **अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना**।
- **यह अभियान पांच प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड से निपटता है:** निवेश से संबंधित धोखाधड़ी, रोमांस स्कैम, अवैध ऑनलाइन गैंबलिंग से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन और वॉयस फिशिंग।



## INS एंड्रोथ

भारतीय नौसेना ने **नेवल डॉकयार्ड विशाखापत्तनम** में INS एंड्रोथ को कमीशन किया।

**INS एंड्रोथ के बारे में**

- यह **INS अर्नाला** के बाद दूसरा **एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC)** है।
  - यह **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE), कोलकाता** द्वारा बनाए जा रहे 8 ASW-SWC में से एक है।
- इसका नाम **लक्षद्वीप के सबसे उत्तरी द्वीप 'एंड्रोथ'** के नाम पर रखा गया है।
- **क्षमताएं:**
  - समुद्र में निगरानी,
  - खोज और बचाव,
  - तटीय और एंटी-सबमरीन रक्षा मिशन,
  - सामान्य समुद्री अभियान।



## केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC)

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने **इंडियन फाइनेंसियल सिस्टम कोड (IFSC)** पंजीकरण के लिए सिस्टम-आधारित स्वतः मंजूरी प्रक्रिया शुरू की है। इससे व्यवसाय करने में आसानी होगी।

**IFSC के बारे में**

- **IFSC:** यह **11 अंकों का अल्फ़ान्यूमेरिक कोड** है, जिसे RBI द्वारा **हर बैंक शाखा को सौंपा** जाता है। यह कोड **हर बैंक शाखा के लिए अलग-अलग** होता है।
- **उद्देश्य:** यह सटीक ऑनलाइन लेन-देन (जैसे नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर - NEFT) सुनिश्चित करता है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करता है कि राशि केवल संबंधित प्राप्तकर्ता तक ही पहुंचे।
  - IFSC का उपयोग भारतीय रुपए (INR) में किए जाने वाले लेनदेन के लिए किया जाता है।
- दूसरी ओर, **SWIFT** (सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन) कोड का उपयोग **अंतर्राष्ट्रीय फंड ट्रांसफर के लिए** किया जाता है।

**CBIC के बारे में**

- **CBIC** केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत कार्य करता है। इसे पहले **केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड** कहा जाता था।
  - केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड की स्थापना **1964** में हुई थी। इसे **2018 में CBIC नाम** दिया गया।
- यह सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (CGST), IGST लगाने और संग्रह करने से संबंधित **नीतियां बनाने** तथा तस्करी की रोकथाम का कार्य करता है।




## भारत में आर्द्रभूमियों का कानूनी संरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने नागपुर की **फुटाला झील** को **आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017** के तहत **वेटलैंड (आर्द्रभूमि)** के रूप में वर्गीकृत करने से इनकार कर दिया। शीर्ष न्यायालय के अनुसार, यह **मानव-निर्मित जल निकाय** है जिसे सिंचाई कार्य के लिए बनाया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बारे में**

- न्यायालय ने कहा कि **2017 के नियमों** के तहत आर्द्रभूमि की परिभाषा में **सिंचाई, जलीय कृषि, नमक उत्पादन और मनोरंजन के उद्देश्यों के लिए मानव-निर्मित जल निकाय शामिल नहीं हैं।**
- **अन्य अपवाद:** नदी चैनल, धान के खेत, तथा वे आर्द्रभूमियां जो निम्नलिखित अधिनियमों/ अधिसूचनाओं के अंतर्गत आती हैं, उन्हें भी **आर्द्रभूमि संरक्षण नियम, 2017** में शामिल नहीं किया गया है:
  - वन अधिनियम, 1927;
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972;
  - तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2011
- **संरक्षण की अनिवार्यता:** हालांकि, न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे जल निकायों को व्यापक **लोक न्यास सिद्धांत** के तहत और संविधान के **अनुच्छेद 21 (स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार)** के अनुसार संरक्षित किया जाना चाहिए।
  - **लोक न्यास सिद्धांत (Public Trust Doctrine):** यह सिद्धांत मानता है कि सभी साझा प्राकृतिक संसाधन राज्य यानी सरकार के पास **लोक न्यास** के रूप में रखे गए हैं, और राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह उनका संरक्षण करे।



## WISPIT 2b

खगोलविदों ने प्रत्यक्ष रूप से WISPIT 2b नामक **प्रोटोप्लेनेट** की तस्वीर ली है। यह **प्रोटोप्लेनेट** अपने तारे WISPIT 2 के चारों ओर स्थित **प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क** के भीतर निर्मित हो रहा है।

- **प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क:** यह किसी नवनिर्मित युवा तारे के चारों ओर गैस और धूल का एक चपटा और घूमता हुआ डिस्क होता है। **इसी से ग्रहों का निर्माण होता है।**
- **प्रोटोप्लेनेट:** यह वह खगोलीय पिंड है जो धीरे-धीरे पदार्थ एकत्रित कर एक पूर्ण ग्रह के रूप में विकसित हो रहा होता है।

**WISPIT 2b के बारे में**

- यह **गैसीय विशालकाय** ग्रह है। इसका द्रव्यमान बृहस्पति के द्रव्यमान का लगभग **पांच गुना** है। यह अत्यंत **युवा** है, और इसकी आयु केवल **50 लाख वर्ष** अनुमानित है।
- इसका नाम **'वाइड सेपरेशन प्लैनेट्स इन टाइम'** नामक एक शोध कार्यक्रम के नाम पर रखा गया है।
- **महत्त्व:** यह खोज पहली बार प्रत्यक्ष साक्ष्य प्रदान करती है कि **प्रोटोप्लेनेटरी** डिस्क में देखे जाने वाले अंतराल (gaps) वास्तव में निर्मित हो रहे ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण द्वारा बनाए जाते हैं।